**Q.P. Code: 00001974**

**(समय : ३ घंटे)** **(कुल अंक : १००)**

**कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं।**

**सुचना :** **(१) सभी प्रश्न अनिवार्य है |**

**(२) उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(२४)**

**(क)** 'जो लोग बाहर विशुद्ध खद्दरधारी होते है वे भी विदेशी रेशम के थान खरीद कर रखते है, इसी से तो देश की उन्नति नहीं होती - तब मैं बड़े कष्ट से हंसी रोक सकी|'

**अथवा**

'आचरण की सभ्यता' का देश ही निराला है | उसमें न शारीरिक झगड़े है, न मानसिक न आध्यात्मिक | न उसमें विद्रोह है, न जंग ही का नामोनिशान है और न वहाँ कोई ऊँचा है न नीचा |'

**(ख)** 'नहीं मेरे जीवन की कोई बात गुप्त नहीं है | गुप्त वे बातें रखी जाती है, जो अनुचित होती है | गुप्त रखना भय का द्योतक है, और भयभीत होना मनुष्य के अपराधी होने का द्योतक है | जो मैं करता हूँ उसे उचित समझता हूँ, इसलिए उसे कभी गुप्त नहीं रखता |'

**अथवा**

'मनुष्य को जन्म देते हुए ईश्वर ने उसका कार्यक्षेत्र निर्धारित कर दिया | उसने मनुष्य को इसलिए जन्म दिया है कि वह संसार में आकर कर्म करें कायर की भांति संसार की बाधाओं से मुख न मोड़ ले और सुख! सुख तृप्ति का दूसरा नाम है | तृप्ति वहीं सम्भव है, जहाँ इच्छा होगी, वासना होगी|'

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए |** **(३०)**

**(ग)** 'भोर का तारा' एकांकी में कवि और राजनीतिज्ञ की महत्ता स्थापित की गई है | समीक्षा कीजिए |

**अथवा**

'तूफान के विजेता' रिपोर्ताज का केंद्रीय भाव स्पष्ट कीजिए |

**(घ)** 'चित्रलेखा' का चरित्र चित्रण कीजिए |

**अथवा**

'चित्रलेखा' उपन्यास की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए |

**प्रश्न ३. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए |** **(१५)**

**(च)** 'जीप पर सवार इल्लियाँ' नामक व्यंग्य की संवेदना स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'मनुष्य परिस्तिथियों का दास होता है चित्रलेखा उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिए |



XSAGARDADMINY7A80D2XSAGARDADMINY7A80D2

**प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयो पर टिप्पणी लिखिए।** **(१६)**

**(प)** ब्रुसेल्स में हिंदी भाषा के प्रभाव का चित्रण।

**अथवा**

'अस्थियों के अक्षर' संस्मरण में लेखक की माँ का मार्मिक चित्रण।

**(फ)** 'चित्रलेखा' उपन्यास के बीजगुप्त।

**अथवा**

चित्रलेखा के चित्त की अस्थिरता।

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(१५)**

१. पिता की मृत्यु के समय चीनी कितने वर्ष का था?
२. 'जीप पर सवार इल्लियाँ' व्यंग्य में लेखक की पुत्री ने इल्ली के संबंध में कौनसी बात बताई?
३. 'भोर का तारा' एकांकी में तोरमाण ने कौनसी नदी पार की?
४. 'तूफ़ान के विजेता' रिपोर्ताज में दस हजार आदमियों का प्रतीक क्या है?
५ . 'नया देश, नयी जमीन, नये क्षितिज, नये आसमान' आत्मकथ्य की लेखिका कौन है?
६. 'आचरण की सभ्यता' में आलस्य क्या है?
७. 'अस्थियों के अक्षर' संस्मरण में जुंआ कौन खेलता है?
८. 'तूफ़ान के विजेता' रिपोर्ताज में कौन मील भर चल नहीं सकता?
९. बीजगुप्त कौन है?
१०. कुमारगिरि कौन है? और वह किसमें विश्वास रखता है?
११. श्वेतांक और विशालदेव किस प्रश्न का उत्तर ढूंढने निकलते हैं।
१२. 'चित्रलेखा' किसे अपना छोटा भाई कहती है?
१३. मृत्युंजय अपनी बेटी का विवाह श्वेतांक से क्यों नहीं करना चाहते थे?
१४. बीजगुप्त ने अकारण किस का अपमान किया था?
१५. महाप्रभु रत्नाम्बर का पहला निवास स्थान क्या था?

*******



XSAGARDADMINY7A80D2XSAGARDADMINY7A80D2